<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–21 सितम्बर 2025</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में महिला सुरक्षा के लिए समर्पित अभियान 'मिशन शक्ति' के पांचवें चरण का किया शुभारंभ। कहा– वर्ष दो हजार सत्रह के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में आया परिवर्तन।
- मुख्यमंत्री ने लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित चौथे गोमती बुक फेस्टिवल का किया उद्घाटन। कहा– पढ़ना और आगे बढ़ना भारत की है परम्परा।
- केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य विभाग ने राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर शुरू की जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा। सत्रह भाषाओं में शिकायत दर्ज कराने का दिया विकल्प।
- प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी। बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण गंगा, घाघरा और राप्ती नदियां खतरे के निशान से ऊपर।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए समर्पित अभियान 'मिशन शक्ति–5.0' का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि वर्ष–2017 के बाद से प्रदेश में महिलाओं की स्थिति में परिवर्तन आया है। पिछले 11 वर्षों से केन्द्र सरकार की योजनाएं नारी गरिमा और उसके सम्मान को आगे बढ़ाने के लिए कार्य कर रही हैं।

***केंद्र सरकार ने भी आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम, मातृ वंदन का अभियान, फिट इंडिया मुवमेंट का कार्यक्रम हो या फिर अनेक प्रकार के वे कार्यक्रम जो नारी गरिमा और उसके सम्मान को तीव्र गति से आगे बढ़ाते हैं जितनी भी वेलफेयर की स्कीम थीं, गरीब कल्याणकारी योजनाओं को प्रारम्भ किया गया है पिछले 11 वर्ष में उनका केन्द्र बिन्दु नारी है।***

श्री योगी ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान शुरु हुआ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान विकसित भारत की संकल्पना को साकार करेगा।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ विश्वविद्यालय में आयोजित चौथे गोमती बुक फेस्टिवल का उद्घाटन किया। उन्होंने बुक फेस्टिवल की परंपरा को आगे बढ़ाने के लिए केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के 'नेशनल बुक ट्रस्ट' की सराहना की। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखी गई पुस्तक 'एग्जाम वारियर्स' बच्चों को भेंट की। उन्होंने कहा कि पढ़ना और आगे बढ़ना भारत की परंपरा रही है ।

***ये प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि whencitizen reads the country leads यानि जब लोग पढ़ते हैं तो राष्ट्र आगे बढ़ता है, पढ़ना और आगे बढ़ना यह भारत की परंपरा का हिस्सा रहा है याद रखना भारत ने दुनिया को विश्व विद्यालियों की एक श्रृंखला दी थी।***

गोमती बुक फेस्टिवल बीस से अट्ठाइस सितंबर तक आयोजित रहेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरित सरकार परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए अथक प्रयास कर रही है। अपनी विशेष श्रृंखला–सेवा पर्व में हम बात करेंगे कि कैसे मोदी सरकार ने डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिक तंत्र को सशक्त किया और स्वास्थ्य देखभाल को अधिक सुगम और तर्कसंगत बनाया।

***सितंबर, 2021 में शुरू किए गए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन का उद्देश्य सार्वजनिक और निजी क्षेत्रों के बीच सक्रिय सहयोग से एक मजबूत डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करना है। मिशन की शुरूआत करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि यह अब देश भर के अस्पतालों के डिजिटल स्वास्थ्य समाधानों को एक–दूसरे से जोड़ेगा।***

***साथियों, आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन अब पूरे देश के अस्पतालों के डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशंस को एक–दूसरे से कनेक्ट करेगा। इसके तहत देशवासियों को अब एक डिजिटल हेल्थ आईडी मिलेगी। हर नागरिक का हेल्थ रिकॉर्ड डिजिटली सुरक्षित रहेगा। डिजिटल हेल्थ आईडी के माध्यम से मरीज खुद भी और डॉक्टर भी पुराने रिकॉर्ड को जरूरत पड़ने पर चेक कर सकता है।***

***2021 से 2026 तक पाँच वर्षों में एक हजार छह सौ करोड़ रुपये के नियोजित परिव्यय के साथ, इस मिशन का उद्देश्य भारत के विकसित होते स्वास्थ्य सेवा बुनियादी ढाँचे का समर्थन करने के लिए आवश्यक डिजिटल आधार तैयार करना है। इसकी शुरूआत के बाद से 80 करोड़ से ज़यादा आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं, जिनमें 71 करोड़ से अधिक मरीजों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड जुड़े हैं। समाचार कक्ष से सरफिरोजी।***

**********

सेवा पखवाड़े के तहत प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कल कई जिलों में ''स्वस्थ नारी सशक्त परिवार'' अभियान के तहत स्वास्थ्य मेला आयोजित किया गया। आज प्रदेश भर में नमो युवा मैराथन का आयोजन किया जायेगा।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल भावनगर से बत्तीस हजार करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इसमें वाराणसी के रामनगर में फ्रेट विलेज का वर्चुअली शिलान्यास भी शामिल रहा। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि भारत 2047 तक विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए दुनिया के सामने एक आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में खड़ा हो।

**********

केन्द्रीय उपभोक्ता कार्य विभाग ने अगली पीढ़ी के वस्तु और सेवा कर सुधारों के तहत राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन पर जीएसटी शिकायत निवारण की सुविधा शुरू की है। उपभोक्ता कार्य, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने बताया कि कल से प्रभावी संशोधित जीएसटी दर और छूट लागू होने के बाद उपभोक्ताओं की संभावित शिकायतों के समाधान के लिए एकीकृत शिकायत निवारण तंत्र–आईएनजीआरएम पोर्टल पर एक नई सुविधा शुरू की गई है। मंत्रालय ने कहा कि उपभोक्ता टोल–फ्री नंबर एक नौ एक पांच पर सत्रह भाषाओं में अपनी शिकायतें दर्ज करा सकते हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में कर ढांचे को सरल बनाने और नागरिकों पर वित्तीय बोझ कम करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की घोषणा की थी। नई जीएसटी दरें कल से लागू होंगी। आज प्रस्तुत है इलेक्ट्रॉनिक्स और सौर उपकरणों पर इन सुधारों के प्रभाव पर रिपोर्ट–

***सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स और सौर ऊर्जा उपकरणों पर करो में उल्लेखनीय कमी करके नागरिकों को बड़ी राहत दी है इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं जैसे एयर कंडीशनर, टीवी और डिशवॉशर जैसे उपकरणों पर कर की दरों को 28ः से घटकर अब 18ः कर दिया है इसके साथ ही मॉनिटर और प्रोजेक्टर पर जीएसटी की दर को घटाकर 18ः किया है। इसके अलावा सौर पैनल और फ़ोटोवोल्टिक सेल जैसे नवीकरणीय ऊर्जा उपकरणों पर कर की दर को भी 12ः से घटाकर 5ः कर दिया गया है। महाराष्ट्र के पुणे के एक निवासी ने मीडिया से बातचीत में कहा कि इन सुधारों से डीलरों, दुकानदारों और उपभोक्ताओं सहित सभी को लाभ होगा।***

***जीएसटी का जो बेनिफिट हुआ है वह डीलर को भी हुआ है दुकानदार को भी हुआ है और एंड यूजर को भी हुआ है। जो कस्टमर आज 43 इंचेज एंड अबाउ टीवी लेते थे तो जिसके ऊपर 20 पर्सेंट जीएसटी था वो अभी 18 टके पर आएंगे। दस टके पे सोलर कस्टमर को मिली है।***

***नए जीएसटी सुधार से इलेक्ट्रॉनिक और सौर उपकरणों की मांग को बढ़ावा मिलेगा जिससे नागरिकों के लिए आवश्यक तकनीक तक पहुंचना और आसान होगा। रिशु के साथ सौम्य शरण आकाशवाणी समाचार दिल्ली।***

**********

रेल मंत्रालय ने जीएसटी में कटौती का लाभ सीधे उपभोक्ताओं तक पहुंचाने के लिए रेलगाड़ियों और रेलवे परिसरों में उपलब्ध पेयजल बोतल की अधिकतम खुदरा कीमत में कटौती की घोषणा की है। इसमें रेल नीर और अन्य सभी ब्रांड शामिल हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता लघु फिल्म '**चलो जीते हैं**' देश भर के कई सिनेमाघरों और स्कूलों में दिखाई जा रही है। इसी कड़ी में यह फिल्म कल बरेली के केंद्रीय विद्यालय आई वी आर आई में बच्चों को दिखाई गई। स्कूल की छात्रा तेजस्वी अस्थाना ने फिल्म को छात्रों के लिए प्रेरणादायी बताया।

***इस फिल्म से हमें ये शिक्षा मिलती है कि जीवन का अस्तित्व सुख स्वयं के लिए जीना नहीं है बल्कि दूसरों की सेवा करने में है ये फिल्म बच्चों और युवकों दोनों के लिए प्रेरणादायी है।***

ग्रेटर नोएडा में भी पी एम श्री केन्द्रीय विद्यालय सहित, विभिन्न विद्यालयों में 'चलो जीते हैं' फिल्म बच्चों को दिखाई गई।

**********

प्रदेश के कई जिलों में रूक–रूक कर वर्षा का क्रम जारी है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन–चार दिन तक छिटपुट वर्षा होती रहेगी। उधर, बैराजों से पानी छोड़े जाने के कारण बलिया में गंगा, बाराबंकी और अयोध्या में घाघरा, गोरखपुर में राप्ती नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सरकार की तरफ से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्य चल रहा है।

**********